कार को 15 फीट घसीटता ले गया ट्रक

- ई-रिक्शा को बचाने कार चालक ने लगा दिए थे ब्रेक
- कार में सवार चारों युवतियां सुरक्षित

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया. जवाहर रोड स्थित सर्किट हाउस तिराहे के पास डिवाइडर कट से मुड़ रही एक कार को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी.

राहत की बात यह रही कि कार में सवार चारों युवतियां पूरी तरह सुरक्षित रहीं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई.

इसी दौरान आकाशवाणी तिराहे की ओर से आ रहे ट्रक चालक को वाहन रोकने का पर्याप्त समय नहीं मिला. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाए, लेकिन कम दूरी होने के कारण ट्रक कार से टकरा गया. टक्कर के बाद ट्रक कार को करीब 15 फीट तक घसीटता ले गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि चालक समय रहते ब्रेक नहीं लगाता, तो हादसा और भी गंभीर हो सकता था.

घटना सुबह के समय हुई, जब सड़क पर यातायात अपेक्षाकृत कम था. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है.

बड़ा हादसा होते-होते बचा

जानकारी के अनुसार, प्रभुदयाल सोनी के नाम से पंजीकृत टाटा कंपनी की कार को उनकी बेटी हिमांशी चला रही थीं. कार बस स्टैंड की ओर से आकाशवाणी तिराहा-डाकघर मार्ग की तरफ जा रही थी. हनुमान टोरिया की सीढ़ियों के सामने बने डिवाइडर कट से कार जैसे ही मुड़ने लगी, तभी अचानक सामने एक ई-रिक्शा आ गया. ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे कार बीच सड़क पर रुक गई.

नदी में डूबने से युवक की मौत

- पुलिस और ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला
- किशनगढ़ थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. जिले के बिजावर अनुभाग अंतर्गत किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवरा के पास स्थित हथनीटोर नदी में पिकनिक मनाने गए एक 20 वर्षीय युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है, जबकि मृतक के गांव सटई में मातम पसरा हुआ है.

जानकारी के अनुसार सटई निवासी मनोज जाटव (20), पिता भगवानदास जाटव, अपने करीब आठ साथियों के साथ हथनीटोर नदी पर पिकनिक मनाने और पार्टी करने गया था. सभी युवक नदी किनारे समय बिता रहे थे. इसी दौरान मनोज अपने साथियों के साथ नदी में नहाने उतरा, लेकिन अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा.

साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली. इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही ताजिये के त्योहार के दौरान क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात कुपी चौकी प्रभारी जगदीश शिवहरे अपनी टीम और 5-6 स्थानीय ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे.

> इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. साथ ही लोगों से अपील की गई है कि नदी, तालाब और अन्य गहरे जलाशयों में नहाते समय पूरी सावधानी बरतें, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके.

पुलिस और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से नदी में रेस्क्यू अभियान चलाया. काफी देर की मशक्कत के बाद मनोज का शव नदी से बाहर निकाला गया.

जमीन के विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प

- बंदूक की बट और पत्थरों से हमले में 4 लोग घायल
- पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. ओरछा रोड थाना क्षेत्र के धमोरा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई. आरोप है कि एक पक्ष ने बंदूक की बट और पत्थरों से हमला कर एक ही परिवार के चार लोगों को घायल कर दिया. घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है.

घायल पक्ष के अनुसार शुक्रवार को नौगांव रोड स्थित धमोरा गांव में जमीन को लेकर विवाद हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया. आरोप है कि हमलावरों ने बंदूक की बट और पत्थरों से हमला कर परिवार के चार सदस्यों को घायल कर दिया. घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. पीड़ित पक्ष ने शनिवार को ओरछा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

ताजियों का पुष्पवर्षा से किया गया स्वागत

- भाईचारे और सौहार्द्र की दिखी मिसाल

नवभारत न्यूज

महाराजपुर, 27 जून. नगर में मुस्लिम समुदाय ने इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का मातमी पर्व श्रद्धा और अकीदत के साथ मनाया.

मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद नगर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिया जुलूस निकाला गया, जो जिम्मेदारी मोहल्ला, शक्ति मुहाल, पुराना बाजार और थाना मस्जिद सहित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा. जुलूस के दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्पवर्षा कर ताजियों का स्वागत किया. नगर में कई स्थानों पर शरबत, जलेबी, समोसा, फल एवं अन्य खाद्य सामग्री के लंगर लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं और राहगीरों की सेवा की गई. पूरे आयोजन में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश देखने को मिला.

मुस्लिम समाज ने बताया कि मोहर्रम का पर्व कर्बला में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है. इस वर्ष नगर में एक दर्जन से अधिक ताजिए शक्ति मुहाल स्थित बड़े ताजिया स्थल पर एकत्रित हुए, जहां विशेष फातिहा पढ़ी गई और अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई. मातमी जुलूस ढोल की थाप के साथ पुराने थाना मस्जिद पहुंचा. जुलूस में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया. पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए.

करंट से व्यक्ति और गाय की मौत

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के बगमऊ गांव में शनिवार सुबह करीब 8 बजे करंट लगने से 46 वर्षीय एक व्यक्ति और एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और संबंधित विभाग को सूचना दी.

सूचना मिलते ही पुलिस और विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है. वहीं संबंधित विभाग भी करंट लगने के कारणों की जांच में जुट गया है.

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए जिम्मेदारों से आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है.

एक नजर में

मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना

छतरपुर, 27 जून. लवकुानगर से बीती शाम मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का एक जत्था रवाना हुआ. यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया और उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई. शाम करीब 4 बजे रवाना हुए श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ यात्रा शुरू की. इस दौरान मौजूद लोगों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे मां वैष्णो देवी के दर्शन-पूजन कर क्षेत्र और परिवार की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की प्रार्थना करेंगे. श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया. यात्रा के दौरान सभी की सुरक्षित वापसी और सफल दर्शन की कामना की गई.

सिंचाई के पानी को लेकर दो पक्षों में विवाद

छतरपुर, 27 जून. जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र के सेंधखुरी गांव में सिंचाई के पानी को लेकर हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने 60 वर्षीय किसान तुलसी यादव पर रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस के अनुसार, तुलसी यादव के खेत से निकलने वाला नाली का पानी शु, लखन, उत्तम और नंदकिशोर के खेतों की ओर जा रहा था. आरोपियों ने पानी का रास्ता रोक दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया. परिजनों का आरोप है कि विवाद के बाद जब तुलसी यादव घर लौट रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा. घायल किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले. घटना की सूचना पर परिजन तुलसी यादव को इलाज के लिए अस्पताल ले गए. प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बिजावर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका उपचार जारी है.

आधार केंद्र पर विवाद, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कलेक्ट्रेट बंगले के पीछे स्थित आधार केंद्र पर शनिवार को विवाद के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है. आरोप है कि आधार केंद्र के कर्मचारियों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की.

घटना का वीडियो दोपहर से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया.

हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर वीडियो और अन्य तथ्यों की जांच कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

टीबी से पीड़ित पोस्टमैन का अस्पताल में निधन

छतरपुर. बमीठा थाना क्षेत्र के मजोटा निवासी एवं डाक विभाग में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत 30 वर्षीय दीपेन्द्र पटेल का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद जिला अस्पताल में निधन हो गया. बताया गया कि वे लंबे समय से टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित थे और उनका उपचार चल रहा था. परिजनों के अनुसार स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. दीपेन्द्र पटेल के असमय निधन से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है. मृतक पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं. पिता की मौत से दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया,

पेड़ गिरने से सड़क पर लगा जाम

- घटना स्थल क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी हुई बाधित
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात बहाल कराया

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. चंदला नगर में बीती रात चंदला-लवकुशनगर मुख्य मार्ग पर बड़े पुरवा क्षेत्र के पास एक विशाल पीपल का पेड़ सड़क पर गिर गया.

हादसे के बाद मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई. हालांकि घटना के समय कोई वाहन या राहगीर पेड़ की चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिरने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. करीब एक किलोमीटर लंबे जाम में बस, कार, दोपहिया और मालवाहक वाहन फंस गए, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात बहाल कराने में जुट गई.

प्रशासन की चेतावनी के बावजूद कई लोग टूटे पेड़ के बीच बने संकरे रास्ते से जान जोखिम में डालकर निकलते रहे. स्थानीय लोगों के अनुसार पेड़ का आकार बड़ा होने और पर्याप्त संसाधन समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे हटाने में देरी हुई. प्रशासन ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है.

कुलसचिव आवास पर कर्मचारी की मौत

- हृदयाघात से मौत की जताई आशंका

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी राजेश नागर (50) का शनिवार सुबह विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के आवास पर निधन हो गया.

कुलसचिव के अनुसार प्रथम दृष्टया उनकी मौत हृदयाघात (हार्ट अटैक) से हुई प्रतीत होती है. राजेश आवास पर भोजन बनाने का कार्य करते थे और वहीं रहते भी थे. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा.

विश्वविद्यालय से जुड़े कुछ सूत्रों का दावा है कि राजेश पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे. वह विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से विभिन्न जिम्मेदारियों में कार्यरत रहे और बाद में कुलसचिव के आवास पर तैनात थे. सूत्रों के अनुसार स्थायी नियुक्ति को लेकर उन्होंने न्यायालय में भी मामला दायर किया था, जिससे वह तनाव में रहते थे. हालांकि इन दावों की किसी भी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है.

जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

- परिजनों के अनुसार मृतक मानसिक बीमारी से पीड़ित था

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के मऊसहानिया गांव निवासी 37 वर्षीय दिलीप सिंह यादव की जहरीले पदार्थ के सेवन से उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई.

घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. परिजनों के अनुसार दिलीप सिंह यादव पिछले कई वर्षों से मानसिक बीमारी से पीड़ित था और उसका इलाज चल रहा था. मृतक के भाई करन सिंह यादव ने बताया कि शुक्रवार दोपहर रूप सिंह ने दवा के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया. पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मानसिक बीमारी से परेशान होने के कारण युवक द्वारा यह कदम उठाने की बात सामने आई है. हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा.

प्रेरणा ढाई एकड़ में आम और अमरूद का बगीचा किया विकसित

प्राकृतिक खेती से लखपति बनीं ग्राम ओंटापुरुवा की फूला पटेल

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. राजनगर विकासखंड के ग्राम ओंटापुरुवा की किसान फूला पटेल ने प्राकृतिक खेती अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है.

लखपति दीदी पहल और प्राकृतिक खेती राष्ट्रीय मिशन (एनएमएनएफ) के सहयोग से उन्होंने फलोद्यान आधारित एकीकृत प्राकृतिक खेती शुरू कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है. फूला पटेल ने अपनी 2.5 एकड़ भूमि में आम और अमरूद का बगीचा विकसित किया है. साथ ही अंतरवर्ती फसल के रूप में सब्जियां, दलहन और तिलहन की खेती कर पूरे वर्ष आय का स्रोत तैयार किया. प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाने से उनकी खेती की लागत में करीब 40 प्रतिशत की कमी आई और अब वे प्रतिवर्ष 2.5 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं.

> फूला पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने जीवामृत, प्राकृतिक एनपीके, नीमास्त्र और अन्य जैविक आदानों का उपयोग करना सीखा. आज उनका खेत जिले के किसानों के लिए एक लर्निंग हब बन चुका है, जहां 500 से अधिक किसान और अधिकारी प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण ले चुके हैं. फूला पटेल की सफलता से प्रेरित होकर गांव के कई किसानों ने भी अपने खेतों में फलोद्यान विकसित किए हैं. वे अब ग्रामीण महिलाओं को कम लागत और पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही हैं.

नवजात की मौत पर अस्पताल में हंगामा

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 27 जून. ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय लापरवाही का मामला सामने आया है. गोर गांव निवासी एक परिवार के नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत हो गई. घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर नाराजगी जताई.

अस्पताल प्रबंधन पर लगाए परिजन ने आरोप

परिजनों के अनुसार एक सप्ताह पहले जन्मे नवजात की तबीयत शनिवार सुबह अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे सुबह करीब 7:30 बजे ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. उनका आरोप है कि उस समय अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था और केवल नर्सों द्वारा उपचार किया गया. परिजनों का कहना है कि नवजात की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन उसे समय रहते जिला अस्पताल रेफर नहीं किया गया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध होने के बावजूद वाहन उपलब्ध कराने के लिए 600 रुपये की मांग की गई. मजबूरी में परिजन नवजात को बाइक से छतरपुर लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों ने हंगामा किया. ईशानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली. परिजनों ने बीएमओ डॉ. गिरीश साहू एवं अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है.

उनका यह भी कहना है कि अस्पताल में डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं.